छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
—:: मंत्रालय ::—
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**
**/ /आदेश/ /**

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/10/2025

क्रमांक 2502/संसा./ब—4/चार, राज्य में पूंजीगत व्यय एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु माननीय मुख्यमंत्रीजी की अध्यक्षता में दिनांक 01.10.2025 को संपन्न बैठक में मुख्य सचिव द्वारा दिये निर्देश के परिपालन में राज्य शासन एतद् द्वारा निर्माण विभागों में प्रचलित GST Payment System एवं निर्माण कार्यों के अंतिम देयकों के भुगतान के समय Royalty Clearance Certificate संबंधी व्यवस्था में एकरूपता सुनिश्चित करने तथा सभी विभागों में निर्माण कार्यों की निविदा एवं भुगतान प्रणाली सुव्यवस्थित करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति का गठन करती है:—

| क्र. | पदनाम | विभाग/कार्यालय | भूमिका |
|---|---|---|---|
| 1. | **सचिव** | **वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन** | **अध्यक्ष** |
| 2. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण | सदस्य |
| 3. | आयुक्त | छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल | सदस्य |
| 4. | आयुक्त | वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) | सदस्य |
| 5. | प्रबंध संचालक | छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज़ कॉर्पोरेशन | सदस्य |
| 6. | प्रबंध संचालक | छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन | सदस्य |
| 7. | संचालक | संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास | सदस्य |
| 8. | संचालक | संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म | सदस्य |
| 9. | प्रमुख अभियंता | लोक निर्माण विभाग | सदस्य |
| 10. | प्रमुख अभियंता | जल संसाधन विभाग | सदस्य |
| 11. | प्रमुख अभियंता | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | सदस्य |
| 12. | प्रमुख अभियंता | प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/CGRRDA | सदस्य |

2/ समिति की प्रथम बैठक **दिनांक 03.11.2025 को मध्यान्हः 12:00 बजे, मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक S-2-12 में** आयोजित की गई है। कृपया उपर्युक्त विषय से संबंधित प्रचलित व्यवस्था की जानकारी एवं संबंधित तकनीकी/विशेषज्ञ अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध है।

(सचिव वित्त द्वारा अनुमोदित)

29/10/25
(ऋषभ पाराशर)
उप सचिव

पृ.क्रमांक 2503/संसा./ब—4/चार, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/10/2025

प्रतिलिपि :—

1. मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, कार्यालय मुख्य सचिव, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
3. भारसाधक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास/लोक निर्माण/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/आवास एवं पर्यावरण/उद्योग/जल संसाधन/खनिज साधन/नगरीय प्रशासन एवं विकास/वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.)/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
4. सचिव, वित्त के निज सचिव, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित

29/10/25
उप सचिव
वित्त विभाग